ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिहार कृषि विश्वविद्यालय
सबौर, बिहार

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 21-06-2024

जहानाबाद(बिहार) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-06-21 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-06-22	2024-06-23	2024-06-24	2024-06-25	2024-06-26
वर्षा (मिमी)	10.0	15.0	20.0	20.0	15.0
अधिकतम तापमान(से.)	38.0	37.0	37.0	36.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	25.0	24.0	24.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	75	75	75	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	35	40	40	45	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12	12	12	10	15
पवन दिशा (डिग्री)	70	140	110	90	110
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	8	8	8	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

• भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार जिले में दक्षिण-पश्चिम मानसून का आगमन 20 जून को हो गया हैं जिसके प्रभाव से 22-26 जून के दौरान जिले में बादल छाए रहने एवं कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होने का अनुमान है। • अधिकतम तापमान 34-38 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 24-25 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है। • सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 65 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 35 से 50 प्रतिशत रहने की संभावना है। • पूर्वानुमान की अवधि में 10-15 किमी/घंटा की रप्तार से पुरबा हवा चल सकती है।

सामान्य सलाहकार:

जैसा कि इस सप्ताह में वर्षा होने की संभावना है, किसानों को सलाह दी जाती है की कद्दू वर्गीय फसल के खेत में जल निकासी की अच्छी व्यवस्था करें ताकि बारिश का पानी खेत में जमा न हो सके।

लघु संदेश सलाहकार:

आकाशीय बिजली से सुरक्षा हेतु "दामिनी" मोबाइल ऐप डाउनलोड करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	मध्यम अवधि वाले धान की किस्मों की बीजस्थली स्थापित करें। इसके लिए संतोष, सीता, सरोज, राजश्री, प्रभात, राजेन्द्र सुवासनी, राजेन्द्र कस्तुरी, राजेन्द्र भगवती, कामिनी, सुगंधा किस्में अनुशंसित है। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में रोपाई हेतु 800-1000 बर्ग मीटर क्षेत्रफल में बीज गिरावें। नर्सरी में क्यारी की चौड़ाई 1.25-1.5 मीटर तथा लम्बाई सुविधा अनुसार रखें। बीज को गिराने से पहले बविस्टिन 2.0 ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से बीजोपचार करें।
मक्का	खरीफ मक्का की बुआई आसमान साफ रहने पर हीं करें । खेत की जुताई में 10 से 15 टन गोबर की सड़ी खाद प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करें। बुआई के समय प्रति हेक्टेयर 30 किलो नेत्रजन, 60 किलो

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	स्फुर एवं 50 किलो पोटाश का व्यवहार करें। मक्का की अनुशंसित सुआन, देवकी, शक्तिमान-1, शक्तिमान-2, राजेन्द्र संकर मक्का-3, गंगा-11 है।
मूँगफली	मूंगफली के किस्में ए. के. 12-24, कुबेर, एम 13, जे. एल. 24 आदि की बुवाई अच्छी जल निकासी व्यवस्था वाली हल्की बलुई मिट्टी में करनी चाहिए। बीज दर 80-90 किग्रा/हेक्टेयर होनी रखें। बीज बोने से पहले बाविस्टिन 2 ग्राम प्रति किग्रा बीज से उपचार करना चाहिए। पंक्ति से पंक्ति की दूरी 30 सेमी होनी चाहिए और पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी अनुशंसित है

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	बरसात के मौसम में बकरियों में रोग के हमले की संभावना अधिक होती है। इसलिए किसानों को बकरियों का टीकाकरण करने की सलाह दी जाती है ताकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सके।